
आपका अमूल्य मतदान ही है
लोकतंत्र की जान
वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत
की शान
नरेश
राजकीय ठेकेदार
डी0 एस0 लोधी
किसान नेता
जनपद- कासगंज


7 मई 2024 को तैयार रहें
आपका अमूल्य मतदान ही है
लोकतंत्र की जान
वोट
जरूर करें
सतीश गुप्ता
जिलाध्यक्ष
अखिलेश अग्रवाल
नगर अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी दरगढ़
संयुक्त जिला महामंत्री
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल


जन-जन को जागरूक
और शिक्षित बनाना है
सही नेता चुनने के लिए
मतदाता को जगाना है
7 मई 2024 को तैयार रहें
पहले मतदान
बाद में जलपान
वोट
जरूर करें
संजीव मराठा
मराठा मार्बल एंड टाइल्स
संजय धूपड़
धूपड़ प्रिन्टिंग प्रेस, कासगंज
गोपाल माहेश्वरी
जिला अध्यक्ष (उद्योग मंच)
उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल कासगंज
गोल्ड स्टार ग्रीन सीड्स प्रा.लि.
बीज विधायन सयन्त्र, सोरो गेट, कासगंज


पहले मतदान बाद में जलपान
वोट जरूर करें
डॉ. जयंत गुप्ता
जिला प्रभारी
स्वीप एव जिला समन्वयक विज्ञान क्लब


वोट जरूर करें
बढ़ाएं भारत की शान
राजीव कुमार
बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगंज


जन-जन को जागरूक और शिक्षित बनाना है
सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना है
मतदान अवश्य करें
नितिन शाक्य
वरिष्ठ लिपिक
जिला बेसिक शिक्षा विभाग, कासगंज


पहले मतदान बाद में जलपान
मतदान अवश्य करें
मदन राजपूत
नोडल समन्वयक जिला विज्ञन क्लब
राज्य पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक




# 10वीं में अनामिका और 12वीं में आयशा रईस जिला टॉपर

## सोमवार को जारी किया गया आईसीएसई, आईएसई का परिणाम, इकलौते स्कूल में दिखाया रिपोर्ट कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने सोमवार को कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित कर दिये। 10वीं में अनामिका ने 96.2 प्रतिशत और 12वीं में आयशा रहीस ने 95.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया है। जिले में सीआईएससीई के एकमात्र स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। टॉपर्स के अभिभावकों ने स्कूल स्टाफ को धन्यवाद दिया। वहीं बच्चों की सफलता पर परिवार में खुशियों का माहौल है।

शहर स्थित डी पॉल स्कूल में कक्षा दस में 129 और इंटरमीडिएट में 85 बच्चे पंजीकृत थे। सभी बच्चों ने बोर्ड की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। विद्यालय के फादर सिबी कुरियन की अनुपस्थिति में उप प्रधानाचार्य सिस्टर क्लैरलिट ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में अनामिका 96.2 प्रतिशत अंक लेकर जिले में टॉप रहीं हैं। वहीं अक्षांश राज और शिव आर्यन संयुक्त रूप से 96 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और उत्सव मिश्रा 95.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में आयशा रईस 95.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पर रहीं। नंदिनी रस्तोगी 94.75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तथा नितनेम कौर जुनेजा 94.5 प्रतिशत अंकों के साथ जिले मे तीसरे स्थान पर रहीं हैं। छात्र/छात्राओं की सफलता पर प्रधानाचार्य सिबी कुरियन और प्रबंधक फादर अजिन पॉल ने बधाई दी। वहीं विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने विद्यालय आकर शिक्षक&शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया है। इधर विद्यार्थियों की सफलता पर उनके परिजनों ने खुशी का इजहार किया। साथ ही रिश्तेदार फोन के माध्यम से उन्हें बधाई दे रहे हैं।

- **शत-प्रतिशत रहा जिले का परिणाम, टॉपर्स के अभिभावकों ने शिक्षकों को बोला धन्यवाद**


परीक्षा में सफल होने पर सेल्फी लेकर खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


टॉपर्स विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर खुशी मनातीं उप्र प्रधानाचार्य सिस्टर क्लैरलिट। ● अमृत विचार

### जेईई मेंस क्लीयर कर चुकीं नितनेम


नितनेम कौर को मिठाई खिलातीं उनकी मां।

इंटरमीडिएट परीक्षा में तीसरे स्थान पर रहीं नितनेम कौर जुनेजा ने बताया कि प्रतिदिन शाम को दो घंटे पढ़ाई करती थीं। साथ ही यूट्यूब के माध्यम से पढ़ाई की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को दिया है। बताया कि वह बीटेक करेंगी। जेईई मेंस परीक्षा क्लीयर कर चुकी हैं।

### ट्यूशन की जगह सेल्फ स्टडी पर जताया भरोसा

सीआईएससीई इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला टॉप करने वाली आयशा रईस ने बताया कि स्कूल के टीचरों के बाद सेल्फ स्टडी पर भरोसा किया। किसी भी विषय की ट्यूशन उनके द्वारा नहीं ली गई। फिजिक्स की तैयारी के लिए उन्होंने यूट्यूब पर ऑनलाइन क्लास की मदद ली। वह मेडिकल लाइन में जाना चाहती हैं। एक दिन पूर्व हुई नीट प्रवेश परीक्षा का उनके द्वारा एग्जाम दिया गया है।


इंटरमीडिएट की टॉपर आयशा को मिठाई खिलाते उनके पिता और भाई। ● अमृत विचार

### सीए बनने की है तमन्ना, कर रहीं तैयारी

94.75 प्रतिशत अंकों से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले में दूसरे स्थान पर रहीं नंदिनी रस्तोगी सीए बनना चाहती हैं। जिसकी वह तैयारी भी कर रही हैं। सेल्फ स्टडी और यूट्यूब के माध्यम से परीक्षा की तैयारी थी।


इंटरमीडिएट में दूसरे स्थान पर रही नंदिनी को मिठाई खिलाते माता-पिता। ● अमृत विचार

### इंजीनियर बनना चाहती है अनामिका

हाईस्कूल में टॉपर रहीं अनामिका ने बताया कि पढ़ाई का कोई रूटीन नहीं था। परीक्षा से पूर्व चार विषयों की ट्यूशन के माध्यम से पढ़ाई की थी। शिक्षकों का भी काफी सपोर्ट रहा। बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहती हैं। आईआईटी की प्रवेश परीक्षा क्लीयर कर चुकी हैं।


अनामिका को मिठाई खिलाती उनकी मां। ● अमृत विचार

### आईएएस अधिकारी बनना अक्षांश का सपना

मूल रूप से उझानी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी अक्षांश सक्सेना हाईस्कूल परीक्षा में दूसरे स्थान पर रहे हैं। उनकी रुचि किताबें पढ़ना, कम्प्यूटर साइंस, क्रिकेट खेलना हैं। वह कोटा में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे हैं। उनका सपना है वह आईएएस अधिकारी बन देश और प्रदेश की सेवा करें।


अपने पिता के साथ खुशी मनाते अक्षांश।

### रश्मि ने बायोलॉजी में हासिल किए सौ प्रतिशत अंक

राजपत्रित होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी दंपती डॉ. रजनीश शर्मा एवं डॉ. रूबी शर्मा की छोटी पुत्री रश्मि शर्मा सीआईएससीई दसवीं में 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवी पोजीशन पर रहीं हैं। मेहनत, लगन से परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त किए। बायोलॉजी विषय में उन्हें 100 में से 100 नंबर मिले हैं।


पिता और भाई के साथ खुशी मनाती रश्मि।

## समय सीमा के बाद कर रहे थे चुनाव प्रचार, कटा चालान

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला गौटिया के वार्ड दो निवासी सुनील बाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 मई रात लगभग 10 बजे वह मोहल्ले में बाबा साहेब पार्क के पास खड़े थे। इसी दौरान सफेद रंग की लग्जरी गाड़ी हूटर बजाते हुए आई। जिसमें छह लोग बैठे थे। उन्होंने कहा कि अब वोट पड़ने में बहुत कम समय बचा है। अगर सपा को वोट देते हुए साइकिल का निशान दबाया और सपा जीत गई तो उन्हें भी खुश कर देंगे। उनकी गाड़ी में सपा के झंडे और चुनाव सामग्री थी। चुनाव प्रचार थमने के बाद भी वह लोग सपा का प्रचार कर रहे थे। पुलिस ने लखनऊ के थाना आसियाना क्षेत्र के सेक्टर जी के एसएस 295 निवासी अरविंद यादव पुत्र गोविंद यादव, जिला बस्ती के थाना हर्रय्या क्षेत्र के वार्ड 8 के पटेल नगर निवासी विकास यादव पुत्र समयदीन, फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सादुल्लानगर निवासी मोहित पुत्र राजेश, बिसौली क्षेत्र के पिंडारा रोड निवासी रोहिताश मीना पुत्र धर्मपाल मीना और बिसौली की बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी राजीव कुमार पुत्र बहादुर सिंह के खिलाफ आदर्श आचार उल्लंघन के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार करके जमानत पर रिहा कर दिया।

## एक जून तक एक्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबंध

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी डॉ. वैभव शर्मा ने बताया कि एक जून को आखिरी चरण का मतदान है। आखिरी चरण के संपन्न होने तक किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा जारी करने पर प्रतिबंध रहेगा। बताया कि आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणाम जारी नहीं किए जा सकेंगे।

# खेत पर तारकशी में करंट से किसान की मौत

संवाददाता, वजीरगंज

- **सोमवार सुबह शौच के लिए खेत पर गए थे गांव लहरा लाडपुर निवासी मिश्री लाल**

**अमृत विचार :** खेत के चारों ओर तारकशी करके करंट छोड़ने का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है। किसानों की मौत हो रही हैं। इसके बाद भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सोमवार सुबह खेत पर शौच को गए किसान की तारकशी के करंट से मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजन ने खेत मालिक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


मृतक मिश्री लाल।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव लहरा लाडपुर निवासी वीरेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग छह बजे उनके पिता मिश्री लाल (55) पुत्र गोवर्धन शौच के लिए खेतों की ओर गए थे। मिश्री लाल एक खेत से होकर गुजरे। उस खेत में पशुओं को आने से रोकने के लिए तारकशी की गई थी। जिसमें एक ट्यूबवेल से करंट भी छोड़ा गया था। मिश्री लाल करंट की चपेट में आकर झुलस गए। उनकी मौके पर मौत हो गई। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की थी। खेत पर उनका शव तार से चिपका पड़ा था। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराया। वीरेश कुमार ने गांव निवासी चार लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि खेतों की तारकशी में छोड़े गए करंट की चपेट में आकर पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है और कई पशुओं की भी मौत हो चुकी है। इसके बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

# सपा के पक्ष में वोट करने के लिए धमकाया चेयरमैन समेत 9 पर दर्ज की गई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कस्बा ककराला निवासी दो महिलाओं की तहरीर पर दर्ज की गई रिपोर्ट, जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार :** दो महिलाओं ने नगर पालिका ककराला के चेयरमैन व अन्य पर उन्हें सपा के पक्ष में मतदान करने को धमकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला की वार्ड 17 निवासी यूसुफ जहां ने पुलिस को तहरीर दी कि वह भाजपा की समर्थक हैं। नगर पालिका चेयरमैन इंतखाब खां सकलैनी 5 मई को सुबह लगभग 8 बजे अपने साथी वार्ड 15 निवासी जमीर पुत्र अख्तर खां, अहसाब खां पुत्र बच्चू खां, वार्ड 21 के मेंबर फीरोज पुत्र बस्सु खां, वार्ड 20 के फीरोज खां पुत्र सुबहानी और जाहिद उर्फ टमाटर पुत्र नौसे उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। धमकाया कि साइकिल को वोट न करने पर जान से मार देंगे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं ककराला की वार्ड 9 निवासी नूर अफ्शा ने भी पुलिस को तहरीर दी कि 5 मई को ककराला चेयरमैन इंतखाब खां, वार्ड 15 निवासी असहाब खां और अज्ञात लोग उनके पास आए और समाजवादी पार्टी को वोट देने को कहा। नूर अफ्शा ने कहा कि वह भाजपा को वोट देंगी। इससे नाराज चेयरमैन और उनके साथियों ने गाली-गलौज और मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में देर शाम तक चेयरमैन इंतखाब खां से बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। चेयरमैन के भाई मोनिश अहमद खां ने कहा कि सत्ता के दबाव में एफआईआर दर्ज की गई है। जो भी आरोप लगाए गए हैं निराधार और झूठे हैं। थाना अलापुर के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि थाने पर दो तहरीर प्राप्त हुई थीं। जिनके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हूटर बजाकर पहुंचे थाने, पुलिस ने किया चालान

**वजीरगंज, अमृत विचार :** रविवार को थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव कटगांव व वीरमपुर निवासी प्रधान और कुछ लोग चुनाव प्रचार थमने के बाद भी प्रचार कर रहे थे। सूचना पर पुलिस पहुंची। सपा के कई कार्यकर्ताओं को उठाकर थाने ले आई। सपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जानकारी हुई तो वह उनकी पैरवी करने हूटर बजाते हुए थाने पहुंचे। पुलिस ने बिना अनुमति हूटर लगाने पर वाहनों का चालान कर दिया और उन्हें भी थाने में बैठा लिया गया। जानकारी होने पर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव और सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सीओ बिसौली सुनील कुमार से बात की। जिसके बाद सपा के कार्यकर्ताओं को चेतावनी देकर थाने से छोड़ा गया।

## दुकान में घुसी पिकअप

**बिल्सी।** जगपाल गिहार ने बताया कि मोहल्ला संख्या आठ स्थित मुख्य बाजार में सोमवार की सुबह एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराने के बाद उनकी सोफा मरम्मत की दुकान में जा घुसी। जिससे दुकान में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही उस समय वह दुकान से दूर थे।

## आयोग के निर्देश पर नोटिस, शिवपाल ने छोड़ा बदायूं

**बदायूं, अमृत विचार :** चुनाव आयोग के आदेशानुसार प्रशासन ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव व जसवंतनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव को नोटिस दिया। नोटिस जारी होने के बाद शिवपाल सिंह बदायूं छोड़कर चले गए हैं।

एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि 5 मई की शाम को चुनाव प्रचार थम चुका है। नियमानुसार कोई बाहरी व्यक्ति चुनाव से 48 घंटे पहले और चुनाव प्रचार के बाद जिले में नहीं रह सकता। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव बदायूं लोकसभा से न तो प्रत्याशी और न ही मतदाता हैं। वह पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर रह रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पुलिस द्वारा शिवपाल सिंह यादव को नोटिस दिया गया है कि वह जिले से चले जाएं। इसके बाद वह बदायूं से चले गए हैं।

# दो बंद घरों के ताले तोड़कर नगदी समेत लाखों के आभूषण उड़ाए

संवाददाता, बिल्सी

- **नगर के मोहल्ला संख्या आठ में दिया घटना को अंजाम, दहशत**

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या आठ में अज्ञात चोरों ने दो बंद घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए की चोरी कर ली। चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर से नगदी सहित हजारों रुपये मूल्य के आभूषण चुरा लिए। दोनों पीड़ितों ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है।

जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नगर के मोहल्ला संख्या आठ निवासी परवेज सैफी पुत्र साबिर अली ने बताया कि वह नोएडा में काम करते हैं। ईद के बाद परिवार के लोग नोएडा चले गए। घर पर कोई नहीं था। सोमवार सुबह मोहल्ले के लोगों ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि आपके घर का ताला टूटा पड़ा है।

साथ ही सामान भी इधर-उधर बिखरा पड़ा है। इसके बाद वह दोपहर बाद यहां पहुंचे। उन्होंने देखा कि कमरे में अंदर रखी अलमारी के ताले टूटे पड़े हैं। जिसमें रखे करीब दस हजार रुपए और सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए। इसी मोहल्ले के रेशमा पत्नी आबिद के घर में भी चोरों ने ताले तोड़कर चोरी कर ली। उनके घर से चोर आठ हजार रुपए और सोने-चांदी के आभूषण ले गए। उन्होंने बताया कि उनका परिवार रविवार की शाम एक शादी समारोह में शामिल होने को उझानी गया था, जब सोमवार को सुबह आकर देखा तो पता चला कि चोरों ने उनके घर में चोरी कर ली है। दोनों घरों में 18 हजार रुपए की नगदी समेत करीब पांच लाख रुपए के अधिक की संपत्ति चोर चुरा कर ले गए। दोनों पीड़ितों ने सूचना पुलिस को दे दी है।जिसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर में हुई चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

# फोरम का आदेश, 3.14 लाख रुपये जमा करे सहारा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **रुपये जमा कराने के बाद भी निर्धारित समय पर पीड़ित को नहीं किया भुगतान**

**अमृत विचार :** उपभोक्ता फोरम बदायूं के अध्यक्ष संजीव यादव ने सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड लखनऊ और बदायूं की शाखा पर 3 लाख 14 हजार 10 रुपये परिवादी को देने का आदेश पारित किया है। साथ ही छह प्रतिशत ब्याज भी वास्तविक भुगतान की तिथि से परिवादी को देने को कहा है।

परिवादी के अनुसार उपभोक्ता फोरम में 28 जून 2022 को परिवाद दायर किया गया था। शहर के मोहल्ला जवाहरपुरी निवासी गोपेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड मे अलग-अलग तिथि पर 2 लाख 70 हजार जमा किए। 18 माह की अवधि पूरी होने पर 3 लाख 14 हजार 10 रुपए हो गए थे। जिसको बदायूं गैस एजेंसी के सामने सुदर्शन मार्केट वाली शाखा पर 30 जुलाई 2016 को जमा किए थे। धनराशि प्राप्त करने के लिए उन्होंने आवेदन किया। तो कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि तिथि बढ़ा दी गई है। और उन्होंने भुगतान नहीं किया।

तब परिवादी ने अपने अधिवक्ता पंकज शुक्ल के माध्यम से उपभोक्ता फोरम मे परिवाद दायर किया। कंपनी को तमीला होने के बाद भी कोई कंपनी की तरफ से प्रस्तुत नहीं हुआ। तब परिवादी अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद अध्यक्ष संजीव यादव ने एक पक्षीय आदेश दिया कि सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड परिवादी को 3 लाख 14 हजार 10 रुपये सहित 2500 रुपये परिवाद खर्च सहित 6 प्रतिशत ब्याज भी देंगे।

## कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर ई-रिक्शा व रुपये लूटे

**बदायूं।** थाना मुजरिया क्षेत्र में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर एक युवक से उसका ई-रिक्शा, पांच सौ रुपये और एक मोबाइल लूट लिया गया। जिला कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी राहुल पुत्र खेमकरन ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। एक व्यक्ति ने नगरिया से मुजरिया तक उसका ई-रिक्शा बुक किया था। कहा था कि मुजरिया से बकरियों को लेकर आना है। जिसके बाद उस व्यक्ति ने राहुल को नशीला पदार्थ मिलाकर कोल्ड ड्रिंक पिला दी। उन्हें होश आया तो वह उज्जैन रोड पर माहेश्वरी पेट्रोल पंप के पास जमीन पर पड़े थे। सूचना पर उसके परिजन और ग्रामीण पहुंच गए। मुजरिया पुलिस को तहरीर दी है।









# पोलिंग पार्टियां पहुंचीं, 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

## बूथ पर पहुंचकर शाम को कार्मिकों ने संभाली व्यवस्थाएं, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 2577 मतदेय स्थलों पर 20 लाख मतदाता डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने की घडी आ गई। चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे तीन प्रमुख दलों सहित 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 20 लाख से अधिक मतदाता करेंगे। वहीं मंडी समिति से रवाना हुई पोलिंग पार्टियों ने बूथों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को संभाला। इससे पूर्व सुबह आठ बजे से दोपहर तक मंडी समिति में गहमागहमी का माहौल रहा।

पोलिंग पार्टियों के लिए वाहन, उनके साथ फोर्स आदि की व्यवस्था मंडी समिति के सामने स्थित मैदान में की गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह, एसएसपी आलोक कुमार प्रियदर्शी ने मंडी समिति परिसर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। सभी टेबल पर कोडिंग की व्यवस्था की गई। विधानसभा वार पोलिंग पार्टियों की इससे आसानी से रवानगी हो सकी। डीएम और एसएसपी ने मंडी परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को भी परखा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वैभव शर्मा ने बताया कि जिले में 2577 पोलिंग पार्टियां लोकसभा चुनाव कराएंगी। प्रत्येकपार्टी में एक पीठासीन और एकप्रथम, एक द्वितीय और एक तृतीयमतदान अधिकारी शामिल है।

**ड्यूटी कटवानेवालों की लगी रही कतार :** सोमवार को मंडी समिति परिसर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। ईवीएम और वीवीपैट लेने के लिए गहमागहमी वाला माहौल रहा। वहीं दूसरी ओर चुनाव से ड्यूटी कटवाने वालों की भी लंबी कतार लगी दिखाई दीं। ड्यूटी कटवाने वाले कार्मिक कोई न कोई मजबूरी बता रहे थे। हालांकि अधिकारियों ने बहुत ही जरूरी कार्य वालों की ड्यूटी काटी। अन्य की ड्यूटी को नहीं काटी।


मतदान कार्मिकों को ड्यूटी वितरण करते कर्मचारी। ● अमृत विचार


मंडी समिति में व्यवस्थाएं देखने पहुंचीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल व अन्य अधिकारी।


चुनाव ड्यूटी के लिए डंडा टेक कर आता बीमार कर्मचारी।

### कमिश्नर व प्रेक्षक ने लिया पोलिंग पार्टी रवानगी के कार्यों का जायजा

बरेली मंडल की कमिश्नर सौम्या अग्रवाल व सामान्य प्रेक्षक के के सुदामा राव ने सोमवार को मंडी समिति में बनाए गए पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिंग पार्टी कार्मिकों से वार्ता कर उनका आत्मबल बढ़ाया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने की गई व्यवस्थाओं के संबंध में मंडलायुक्त को विस्तार से की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया।


प्याऊ पर पीने का पानी लेने के लिए लगी भीड़। ● अमृत विचार


धूप से बचने के लिए सिर पर ईवीएम रखकर जाता कर्मचारी।


ईवीएम और वीवीपैट लेकर बाहर निकलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### दो से तीन मिनट में पहुंचेगी थाने से फोर्स

**बदायूं, अमृत विचार :** तीसरे चरण में मंगलवार को लोकसभा चुनाव होगा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। जिले के 1720 मतदान केंद्रों के अलावा मिश्रित आबादी वाले बूथों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। थानों पर भी विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले की सीमाओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देजनर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। पीएसी की छह कंपनियों के अलावा 32 कंपनी सीएपीएफ के अलावा 718 निरीक्षक व उपनिरीक्षक, 7106 हेड कांस्टेबल व सिपाही, चार हजार होमगार्ड तैनात रहेंगे। जिले में पैरामिलिट्री फोर्स है। थाने पर मौजूद क्लस्टर मोबाइल पर तैनात फोर्स सूचना मिलने पर दो से तीन मिनट में मतदान केंद्रों तक पहुंचेगी।

# आई फैसले की घड़ी, मतदाता करेंगे अपने हक का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** तीसरे चरण में होने वाले मतदान की घड़ी आ गई। जिले के 20 लाख से अधिक मतदाता मंगलवार को बदायूं लोकसभा सीट पर किस्मत आजमा रहे 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा जो कि शाम छह बजे तक जारी रहेगा। प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद होने के बाद उन्हें मंडी समिति परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखा जाएगा।

जिले में कुल 24.09 लाख मतदाता हैं। इनमें बदायूं संसदीय सीट पर 20,04,704 मतदाता 11 प्रत्याशियों के पक्ष में अपना मतदान करेंगे। दातागंज और शेखूपुर विधानसभा में 4,05,201 मतदाता आंवला संसदीय सीट के लिए वोट करेंगे। इनमें 12,92,286 पुरुष और 11,17,516 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं 18 से 19 वर्ष के 31791 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। इनमें 18676 पुरुष और 13115 महिला मतदाता शामिल हैं। इनके अलावा 85 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 9411 है। इनमें अधिकांश को बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने का अधिकार दिया गया है। पिछले दिनों बीएलओ ने घर घर पहुंचकर उनके वोट डलवाए थे। पोलिंग बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**बदायूं लोकसभा क्षेत्र में मतदाता**

| विस क्षेत्र | पुरुष | महिला | अन्य |
|---|---|---|---|
| बिसौली | 228468 | 201435 | 40 |
| सहसवान | 227979 | 1972 04 | 17 |
| बिल्सी | 19 22 34 | 163770 | 02 |
| बदायूं | 202549 | 177404 | 11 |
| गुन्नौर कुल मतदाता | | 413591 | |

**आंवला संसदीय सीट की स्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दातागंज | 224628 | 190457 | 26 |
| शेखूपुर | 216428 | 190457 | 7 |

**बदायूं से प्रत्याशी**

| | |
|---|---|
| सपा | आदित्य यादव |
| भाजपा | दुर्विजय सिंह |
| बसपा | मुस्लिम खां |
| राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी | नीलम रानी |
| राष्ट्रीय क्रांति पार्टी | लता यादव |
| स्वराज भारतीय न्याय पार्टी | सुलेमान |
| निर्दलीय | हरि सिंह |
| निर्दलीय | इसरत अली |
| निर्दलीय | दिनेश कुमार |
| निर्दलीय | राम प्रताप मौर्य |
| निर्दलीय | संदीप कुमार |

# सभी पोलिंग पार्टियों को बांटी गईं मेडिकल किट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने मतदान कर्मियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए सभी 2577 पोलिंग पार्टियों को मेडिकल किट दी है। मेडिकल किट में उल्टी, दस्त, बुखार, एलर्जी, डिहाइड्रेशन की दवा के साथ ही ओआरएस के 6 पैकेट दिए गए हैं। इनके साथ ही एक फर्स्ट एड बॉक्स भी दिया गया है। यह सभी सामान मंडी समिति में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीठासीन अधिकारी को उपलब्ध कराया गया है। मतदान केंद्र के बाहर आशा मौजूद रहेंगी। आशा के पास ओआरएस के पैकेट होंगे। यदि लाइन में लगे किसी मतदाता की गर्मी के कारण तबीयत खराब होती है तो आशा उसे ओआरएस पानी में घोल कर देगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच सौ ओआरएस के पैकेट चुनाव कार्यालय को दिए गए हैं। साथ ही तीन हजार मेडिकल किटें भी दी गयीं हैं। एक हजार ओआरएस के पैकेट पुलिस विभाग को दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी पोलिंग पार्टियों को मेडिकल किट और ओआरएस के पैकेट मुहैया करा दिये हैं साथ ही प्रशासन को भी अतिरिक्त ओआरएस के पैकेट दिए गए हैं। जिले की सभी सीएचसी और पीएचसी पर दवाएं और एंबुलेंस मौजूद रहेंगी। जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गयी हैं। आपातकाल कक्ष का निरीक्षण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट रहेगा।
**-डॉ. अब्दुल सलाम खान**, सीएमओ

### सीएचसी पर अलर्ट रहेगा स्टाफ

हीटवेब को देखते हुए सभी सीएचसी पर कोल्ड रूम बनाया गया है। कोल्ड रूम में सौ आइस पैक मौजूद रहेंगे। आईस पैक तैयार रखने को आज ही निर्देशित कर दिया गया है। कोल्ड रूम में सीएचसी प्रभारी और उनका पूरा स्टाफ सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक मौजूद रहेगा। जिससे यदि मतदान केंद्र पर किसी की तबीयत खराब होती है तो उसका उपचार किया जा सके। प्रत्येक सीएचसी पर दो और पीएचसी पर एक एंबुलेंस रहेंगी।

खबरें पेज 8 पर भी...



# खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306




बूथों पर जाने से पहले ईवीएम को चेक करते मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार



मतदान कराने के लिए ईवीएम लेकर बूथों पर जाते निर्वाचन कार्मिक। ● अमृत विचार

# चुनाव कराने पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, दिन भर होती रहीं तैयारियां

## मंडी स्थल पर दिन भर लगा रहा मतदान कार्मिकों का जमावड़ा, मतदान सामग्री का मिलान करने के बाद बूथों पर गए कार्मिक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** मंगलवार को मतदान कराने के लिए मतदान कार्मिकों की रवानगी अमांपुर रोड स्थित मंडी स्थल से की गई। सोमवार सुबह रवानगी स्थल पर कार्मिक पहुंच गए। यहां अधिकारियों ने कार्मिकों की पोलिंग पार्टियां बनाईं और उनके सेक्टर मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारी सौंपते हुए रवाना किया। शाम तक पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंच गई और मतदान के लिए व्यवस्थाएं बनाना शुरू कर दीं।

सुबह से दोपहर तक रवानगी स्थल मंडी स्थल पर कार्मिकों का मेला लगा रहा। सुबह लगभग सात बजे अधिकारी पहुंच गए तो आठ बजे कार्मिक पहुंचना शुरू हो गए। 1149 पार्टियों को अधिकारियों ने मतदान सामग्री सौंपी। प्रत्येक पार्टी में चार कार्मिक शामिल किए गए। डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने व्यवस्थाएं देखीं। कार्मिक प्रभारी सीडीओ सचिन कुमार मतदान कार्मिकों की रवानगी की कमान संभाले हुए थे। दोपहर बाद तक लगभग सभी पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गईं। यह पोलिंग पार्टियां अपने अपने बूथों तक पहुंच गई हैं। यहां तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।



अपनी ड्यूटी की जानकारी लेते मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार



अधिकारियों से जानकारी लेतीं डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक।



पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर अपने बच्चे के साथ महिला कार्मिक।

### ड्यूटी कटवाने की लगाते रहे जुगत

पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर तमाम मतदान कार्मिक ड्यूटी कटवाने की जुगत लगाए रहे। इनमें दिव्यांग और महिला कार्मिक भी शामिल रहे। हालांकि प्रशासन के अधिकारियों ने बेहद जरूरत वाले लोगों का ही समायोजन किया। अन्यथा ड्यूटी नहीं काटी। व्यवस्थित तरीके से चुनाव संपन्न कराने का पाठ भी पढ़ाया।



पुलिस कर्मियों को निर्देशित करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार



व्यवस्थाओं का जायजा लेते एएसपी राजेश कुमार भारती, सीओ सहावर शाहिदा नसरीन, सीओ पटियाली विजय कुमार राणा। ● अमृत विचार

### करते रहे मतदान सामग्री का मिलान

पोलिंग पार्टियां सूचना पट पर अपनी-अपनी पार्टी की जानकारी करते देखे गए। फिर अपने साथियों से संपर्क किया और मतदान सामग्री उठा ली। सामग्री उठाने के बाद मिलान भी किया फिर व्यवस्थित तरीके से यह कार्मिक वाहनों के माध्यम से बूथों तक पहुंचे।

### बच्चों को साथ लेकर पहुंचीं महिलाएं

कुछ महिलाओं के सामने समस्या भी देखने को मिली। उनके छोटे-छोटे बच्चे थे। वे अपने बच्चों को साथ लेकर बूथों तक पहुंची। यहां बच्चे भी परेशान दिखाई दे रहे थे, हालांकि इन महिलाओं में जज्बा दिखाई दिया। कुछ महिलाएं ऐसी थीं जिनके छोटे बच्चे थे उन्होंने ड्यूटी काटने का अनुरोध भी नहीं किया।

पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। सभी पोलिंग पार्टियां अपने बूथों तक पहुंच गई हैं। सभी कार्मिक व्यवस्थित तरीके से मतदान संपन्न कराएंगे।

– **सचिन कुमार**, सीडीओ

# मतदान फीसद बढ़ाकर जिले के लोग रचें इतिहास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अपराध निरोध समिति की बैठक कैंप कार्यालय पर हुई। जिसमें अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। शहर के सभी मतदान केंद्रों पर समिति द्वारा पहले मतदान फिर जलपान की फ्लेक्सी लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

मतदाता गोष्ठी में सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक कौशल किशोर सिंघल ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व पर नगर की जनता को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए तथा मतदान प्रतिशत को बढ़ाकर नया संदेश देना चाहिए। पुलिस एवं जनसंपर्क प्रभारी विजय राजपूत ने कहा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पोस्टर अभियान चलाया है। सत्य प्रकाश वशिष्ठ, मुन्नालाल मतवाला, सोहनलाल बघेल, सत्य प्रकाश गहलोत, सुनील कुमार, पूर्व सभासद राजन कुमार, तपन बिड़ला, किशन शक्ची, मोहित अग्रवाल, सीबी सिंह कुशवाहा, भूप सिंह बघेल, आदेश कुमार पालीवाल, राजन कुमार मौजूद रहे।




मतदान जागरुकता के लिए लगाई फ्लैक्सी।

# देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार:** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जिला पुलिस ने तीन आरोपियों को अवैध देसी शराब के साथ के गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश कुमार भारती ने बताया कि सोरों कोतवाली द्वारा पवन कुमार के कब्जे 21 क्वार्टर एवं गेदराम निवासीगण कटरामठ के कब्जेसे 25 क्वार्टर अवैध देसी शराब के बरामद किए हैं। सदर कोतवाली पुलिस द्वारा बनवारी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के बरामद हुए हैं। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है।

# पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्व निभाए पुलिस, पैरामिलेट्री फोर्स

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस और पैरामिलेट्री फोर्स के जवान सुरक्षा की कमान संभालेंगे। व्यवस्थाओं पर निगरानी अफसर बनाए रहेंगे। डीएम, एसपी ने पुलिस एवं पैरामिलेट्री के जवानों को ब्रीफ कर दिया है और उन्हें दायित्वों का पाठ पढ़ाया है।

डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने रिजर्व पुलिस लाइन कासगंज में फोर्स को रवाना करने से पहले ब्रीफ किया। डीएम ने कहा कि सभी सुरक्षा कर्मियों का दायित्व है कि वे अपनी ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता बरतें। कहीं भी अव्यवस्था का माहौल न होने दें। एसपी ने चुनाव में लगे पुलिस बल व केंद्रीय पुलिस बल को उनके दायित्वों के बारे में समझाया और पुलिस बल से ड्यूटी के दौरान पूर्ण निष्ठा व पार्दर्शिता के साथ कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा की। साथ में ये भी स्पष्ट किया कि चुनाव ड्यूटी में लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही भी की जाएगी। ड्यूटी के दौरान इन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा कि वाहनों को नियमित दूरी पर ही रोका जाए तथा उम्मीदवार व उनके समर्थकों से पोलिंग बूथों पर नियमों का पालन करवाया जाए। कोई भी पुलिस कर्मी मतदान केंद्र के अंदर न जाए और अराजक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आना है। किसी भी प्रकार अराजकता फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही की जाए।



पोलिंग पार्टी रवानगी के दौरान पुलिस की ड्यूटी चेक करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- **डीएम, एसपी ने रवानगी से पहले जवानों को किया ब्रीफ**
- **कोई अराजकता करे तो उसके विरुद्ध सख्ती से करें कार्रवाई**

# पूर्व सांसद देवेंद्र के भाजपा से निष्कासन का फर्जी पत्र वायरल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रविवार से भाजपा नेता पूर्व सांसद कुंवर देवेंद्र सिंह यादव को पार्टी से निष्कासित करने का आदेश पत्र वायरल हो रहा है। वायरल पत्र ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य के लेटर हैड से जारी बताया जा रहा था। इस बीच भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह ने इस पत्र को फर्जी बताते हुए कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए सपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह यादव के निष्कासन का फर्जी पत्र वायरल होने लगा। इस पत्र को लेकर तरह-तरह की बातें होती रहीं। आखिरकार भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि उनके द्वारा इस तरह का कोई पत्र जारी नहीं किया गया है। देवेंद्र सिंह यादव भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं और वह भाजपा परिवार के व्यक्ति हैं उन्हें भारतीय जनता पार्टी में पूरा सम्मान मिलेगा।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने कराई एफआईआर

भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि रविवार की शाम को एक पत्र ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य के हस्ताक्षर के साथ वायरल हुआ। जिसमें भाजपा नेता कुंवर देवेंद्र सिंह यादव को पार्टी से निष्कासित करने का जिक्र था। यह पत्र फर्जी है। षड्यंत्र के तहत भाजपा को चुनाव में नुकसान पहुंचाने के लिए वायरल किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 420/468/471/67 आईपीसी के तहत दर्ज कर मामले जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जो पत्र जारी किया है वह फर्जी है। मेरी और पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। मुझे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सदस्यता ग्रहण कराई है। मैं बीजेपी का सदस्य हूं, और रहूंगा। – **कुंवर देवेंद्र सिंह यादव**

### कंट्रोल रूम पर करें सूचना

**कासगंज।** उप जिल निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तृतीय चरण के लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 40 में हर समय सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी सामान्य जानकारी व शिकायत कंट्रोल रूम के नंबरों- 05744-297228, 05744-272088, 05744-272105, टोल फ्री नंबर- 1950 पर की जा सकती है।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001998

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय

SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research

Estd. 2003

(SILVER LAW COLLEGE)

(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)

ADMISSION OPEN 2024-25



LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation

B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th

General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

8630182679, 7983811321

9411472001, 9690263708 & 9837485855

Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com

Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

